BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345

शुभ लाभ
म्हारो भाग्यनगर
दैनिक हिन्दी शुभ लाभ, हैदराबाद, शनिवार, 06 अप्रैल, 2024

शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें ।

# फोन टैपिंग मामले में पूछताछ के दौरान पूर्व डीसीपी राधा किशन की तबीयत बिगड़ी

**हैदराबाद, 05 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

पूर्व पुलिस उपायुक्त (डीसीपी), टास्क फोर्स, राधा किशन राव फोन टैपिंग मामले में पुलिस द्वारा पूछताछ के दौरान शुक्रवार को बीमार हो गए। बंजारा हिल्स पुलिस स्टेशन में पूछताछ के दूसरे दिन पूर्व अधिकारी का रक्तचाप बढ़ गया। इसके बाद पुलिस ने जांच के लिए डॉक्टरों को बुलाया।

शहर की एक अदालत द्वारा सात दिनों की पुलिस हिरासत में भेजने के बाद पुलिस ने गुरुवार को किशन राव को हिरासत में ले लिया था। किशन राव, जिन्होंने सेवानिवृत्ति के बाद टास्क फोर्स में विशेष कर्तव्य अधिकारी (ओएसडी) के रूप में काम किया, से व्यक्तियों की अवैध निगरानी और निगरानी से संबंधित सबूतों को गायब करने में उनकी कथित संलिप्तता के बारे में पूछताछ की जा रही है। उन पर नवंबर 2023 के विधानसभा चुनावों के दौरान भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के इशारे पर नकदी के अवैध परिवहन की सुविधा प्रदान करने का भी आरोप है। पिछले महीने सामने आए इस मामले में राधा



किशन राव को चौथा आरोपी बनाया गया है, जिससे राजनीतिक गलियारों में हलचल मच गई है। किशन राव को 28 मार्च को गिरफ्तार किया गया था। अगले दिन, नामपल्ली अदालत ने उन्हें 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

ऐसे आरोप हैं कि प्रतिद्वंद्वी राजनीतिक नेताओं और उनके परिवारों और सत्तारूढ़ दल के भीतर असंतुष्टों की निगरानी के लिए विशेष खुफिया शाखा (एसआईबी) में विशेष संचालन दल (एसओटी) बनाया गया था। पूर्व एसआईबी प्रमुख प्रभाकर राव ने कथित तौर पर डीएसपी डी. प्रणीत राव सहित अपने भरोसेमंद सहयोगियों के साथ एसओटी बनाई, जो पिछले महीने मामले में गिरफ्तार होने वाले पहले पुलिस अधिकारी थे।

तत्कालीन मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव के करीबी माने जाने वाले प्रभाकर राव ने कांग्रेस पार्टी के सत्ता में आने के बाद एसआईबी प्रमुख के पद से इस्तीफा दे दिया था।

पुलिस ने प्रभाकर राव के लिए लुकआउट नोटिस जारी किया है, जिसके बारे में कहा जाता है कि वह विदेश में है। रिमांड रिपोर्ट के अनुसार, एसओटी द्वारा राधा किशन राव के साथ जानकारी साझा करने के बाद टास्क फोर्स ने दिसंबर 2018 के चुनावों के दौरान सेरिलिंगमपल्ली निर्वाचन क्षेत्र से टीडीपी उम्मीदवार आनंद प्रसाद के 70 लाख रुपये जब्त किए। प्रणीत के इनपुट पर टीम ने 2020 दुब्बाका उपचुनाव के दौरान 1 करोड़ रुपये भी जब्त किए थे।

यह पैसा सिद्दीपेट की एक चिटफंड कंपनी का था, जो भाजपा उम्मीदवार एम. रघुनंदन राव के रिश्तेदारों और सहयोगियों से जुड़ी थी। इसी तरह अक्टूबर 2022 में मुनुगोडे उपचुनाव के दौरान बीजेपी उम्मीदवार कोमाटिरेड्डी राजा गोपाल रेड्डी के 3.5 करोड़ रुपये पकड़े गए और जब्त कर लिए गए। दो अन्य पुलिस अधिकारियों, एन. भुजंगा राव और एम. तिरुपतन्ना को बीते मंगलवार को 6 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। मंगलवार को उनकी पांच दिन की पुलिस हिरासत समाप्त होने के बाद दोनों अधिकारियों को अदालत में पेश किया गया। भूपालपल्ली जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भुजंगा राव और हैदराबाद सिटी पुलिस के सिटी सिक्योरिटी विंग के अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त तिरुपथन्ना को 23 मार्च को गिरफ्तार किया गया था। वे पहले एसआईबी में काम कर चुके थे।




## नाबालिग से बलात्कार के आरोप में कांस्टेबल पर मामला दर्ज



**हैदराबाद, 05 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

हबीबनगर में शादी का वादा करके एक नाबालिग लड़की से कथित तौर पर बलात्कार करने के आरोप में एक पुलिस कांस्टेबल पर मामला दर्ज किया गया है। पुलिसकर्मी गोपी वर्तमान में मीरचौक पुलिस मुख्यालय में तैनात है और लड़की एक ही पड़ोस के थे और एक-दूसरे को जानते थे।पुलिस ने कहा कि गोपी कुछ महीने पहले एक समारोह में पीड़िता से मिला और वे जल्द ही दोस्त बन गए। इस दौरान उनके बीच नजदीकियां बढ़ने लगीं और गोपी ने उससे शादी करने का प्रस्ताव रखा। हालांकि जब पीड़िता ने हाल ही में उससे शादी की योजना के बारे में पूछा, तो उसने शादी से इनकार कर दिया और उससे बचना शुरू कर दिया। लड़की के माता-पिता की शिकायत के आधार पर, हबीबनगर पुलिस ने मामला दर्ज किया और जांच शुरू की।



केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी शुक्रवार को हैदराबाद के निजाम कॉलेज मैदान के सामने बाबू जगजीवन राम की जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए।

## राणी सती दादी महिला शाखा का गणगौर उत्सव आज

**हैदराबाद, 05 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

अग्रवाल समाज राणी सती दादी घांसी बाजार महिला शाखा का गणगौर उत्सव आज शनिवार को को घांसी बाजार स्थित राणी सती दादी मंदिर में रखा जा रहा है। जिसकी सभा रिंकू गर्ग के निवास स्थान पर बुलाई गई। उन्होंने जगह और प्रोग्राम के बारे में निर्णय लिया।

शनिवार दोपहर 12:30 बजे से 1:00 तक लकी तीन विजेता रहेंगे। इसके अलावा सबसे अच्छे



ईश्रर गोर को सजावट और सोलो डांस प्रतियोगिता 3 मिनट शिव पार्वती जोड़ी शिव और पार्वती गौर पूजा, पेपर गेम, सरप्राइज सवाल चांदी तंबोला और काफी प्रतियोगिताएं रखी जाएंगी। प्रवेश प्रवेश पत्र द्वारा रहेगा।

शाखा के सदस्यों के लिए शुल्क 100 रुपए रहेगा और शाखा में जो सदस्य नहीं है उनसे 250 शुल्क लिया जाएगा।

वेलकम ड्रिंक और भोजन की व्यवस्था रहेगी।

समय पर उपस्थित महिला अध्यक्ष रिंकू गर्ग, उपाध्यक्ष हेमा अग्रवाल, मंत्री मोनिका अग्रवाल, सह मंत्री ममता, कोषाध्यक्ष सविता, केंद्रीय समिति सदस्य अर्चना व कविता, कार्यकरणी सदस्य सुशील, सीमा, कविता, नेहा, पूनम रजनी आदि उपस्थित थे।



पूर्व उप प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम को उनकी जयंती पर गांधी भवन में टीपीसीसी उपाध्यक्ष कुमार राव, टीपीसीसी सचिव मणिलाल शाह, भास्कर, श्रीनिवास रेड्डी, श्रीनाथ, प्रशांत और अन्य लोगों द्वारा श्रद्धांजलि देते हुए।

## इरिसेट को मिला प्रतिष्ठित आधिकारिक मान्यता प्रमाणन



**हैदराबाद, 05 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

भारतीय रेल सिगनल इंजीनियरी और दूरसंचार संस्थान (इरिसेट) भारतीय रेलवे के एक महत्वपूर्ण केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान को क्षमता निर्माण आयोग (कैपैसिटी बिल्डिंग कमिशन) द्वारा उत्कृष्ट के रूप में प्रतिष्ठित आधिकारिक मान्यता प्रमाणन प्रदान किया गया।

इरिसेट की स्थापना, प्राथमिक रूप से भारतीय रेल के सिगनल और दूरसंचार इंजीनियरों की प्रशिक्षण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए 1957 में की गई थी। क्षमता निर्माण आयोग (सीबीसी) के अंतर्गत लोक सेवा प्रशिक्षण संस्थानों के लिए राष्ट्रीय मानकों (एनएससीएसटीआई) के मानदंडों के कड़े मूल्यांकन से आईकेयर द्वारा इसका आकलन किया गया है। यह मान्यता 4 अप्रैल 2024 को प्रदान की गई और यह 3 अप्रैल 2026 तक वैध है।

## 35 लाख रुपए से अधिक की बेहिसाब नकदी के साथ तीन गिरफ्तार

**हैदराबाद, 05 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

टास्क फोर्स के अधिकारियों ने गुरुवार रात आसिफ नगर और आबिद रोड पर अलग-अलग घटनाओं में तीन लोगों को कुल 35.9 लाख रुपये की बेहिसाब नकदी ले जाते हुए पकड़ा। पहली घटना में, सेरिलिंगमपल्ली के एक खाद्य वितरण कार्यकारी जी नागार्जुन (30) को आसिफ नगर के मल्लेपल्ली में अपनी बाइक पर 14.9 लाख रुपये की बेहिसाब नकदी ले जाते हुए पकड़ा गया। पुलिस ने कहा कि आंध्र प्रदेश का मूल निवासी नागार्जुन एक महीने पहले शहर आया था और एक लोकप्रिय फूड ज्वाइंट के लिए काम कर रहा था। अपने मित्र कुवैत के मस्तान वली के निर्देशों के अनुसार, नागार्जुन ने मंगलहाट में एक प्लाईवुड स्टोर से नकदी एकत्र की, जिसे एक रियाल्टार को सौंप दिया जाना था, जिसकी पहचान बताई जानी थी।एक अन्य मामले में हबीबनगर के एक स्क्रैप डीलर नूर मोहम्मद और मल्लेपल्ली के एक कंप्यूटर हार्डवेयर डीलर फेलसक मलिक को आबिद रोड के एमजे मार्केट में अपनी मोटरसाइकिल पर 21 लाख रुपये की बेहिसाब नकदी ले जाते हुए पकड़ा गया। पुलिस ने कहा कि बिजनेस पार्टनर दोनों से जब उनके पास मौजूद नकदी के

## बाबू जगजीवन राम का जयंती समारोह आयोजित



**हैदराबाद, 05 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

जियागुड़ा डिवीजन के इमामपुरा में नव भारत संघम के अध्यक्ष मधिरा सत्यनारायण के नेतृत्व में डॉ. बाबू जगजीवन राम का 117वीं जयंती समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में नव भारत संघम के अध्यक्ष मधिरा सत्यनारायण और कांग्रेस नेता ने बाबू जगजीवन राम की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित की। इस अवसर पर नव भारत संघम के अध्यक्ष मधिरा सत्यनारायण ने कहा कि बाबू जगजीवन राम एक महान नेता थे जिनमें करुणा, दया, देशभक्ति और धर्मपरायणता जैसे महान गुण थे। उन्होंने कहा कि बाबू जगजीवन राम ने गरीबों के उत्थान के लिए 1928 में रविदास महासभा का आयोजन किया गया था और हरिजनों के गंदे व्यवसायों को खत्म करने, आसपास के क्षेत्रों को साफ रखने, स्वास्थ्य नियमों का पालन करने और शराब से परहेज करने जैसे कार्यक्रम आयोजित किए थे। कार्यक्रम में जियागुड़ा डिवीजन के इमामपुरा नव भारत संगम के अध्यक्ष मधिरा सत्यनारायण, कांग्रेस पार्टी जीयागुड़ा डिवीजन के अध्यक्ष विनोद चौगल, संगम के प्रतिनिधि मधिरा महेश, सी. बाबू, एशवंत कुमार, चिन्ना, के. बिंटू, कांग्रेस पार्टी के नेता कावुरी वेंकटेश, नर्मदा और अन्य ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

## सीएफएसएल टीम ने एसबी ऑर्गेनिक्स में विस्फोट स्थल से नमूने किए एकत्र



**संगारेड्डी, 05 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

सेंट्रल फोरेंसिक साइंस लैब (सीएफएसएल) के सहायक निदेशक वेंकट राज ने अपनी टीम के साथ एसबी ऑर्गेनिक्स लिमिटेड का दौरा किया, जहां एक रिएक्टर विस्फोट में छह कर्मचारियों की जान चली गई, जबकि 30 घायल हो गए। टीम ने शुक्रवार को हथनूर मंडल के चंदापुर गांव में साइट पर पाए गए विभिन्न रसायनों के नमूने एकत्र किए। वेंकट राज ने कहा है कि वे विस्फोट के कारण का पता लगाने के लिए नमूनों को परीक्षण के लिए प्रयोगशाला में ले जाएंगे। उनके साथ जिन्नाराम इंस्पेक्टर सुधीर कुमार, हथनूर एसआई सुभाष गौड़ और अन्य थे। इस बीच, विभिन्न अस्पतालों में इलाज करा रहे सात कर्मचारियों की हालत अभी भी गंभीर बताई जा रही है।



तेलंगाना के पूर्व डिप्टी स्पीकर एवं बीआरएस से सिकंदराबाद लोकसभा सीट से उमीदवार टी. पदमा राव गौड ने आगामी चुनाव के संदर्भ मे जैन समाज, गुजराती समाज, पाटीदार समाज, जय सच्चीदानंद संघ आदि के गणमान्य सदस्यों के साथ बैठक आयोजित की। अवसर पर उपस्थित जसमत पटेल, प्रकाश वोरा, कांतीलाल पटेल, आरके जैन, मुकेश चौहान, रिद्धीश जागीरदार, प्रकाश शाह, हेमंत पांडीया, विक्रम बक्शी, पंकज महेता व अन्य।

## कत्लखाने ले जय जा रही दस गायों को बचाया गया



**हैदराबाद, 05 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

दूसरे राज्यों से हैदराबाद में काटने के मकसद से अवैध रूप से गाड़ियों में भरकर लाए जा रहे गोवंश को गौरक्षा दल तेलंगाना एवं गोरक्षा दल टाइगर फोर्स, ध्यान फाऊंडेशन, हिंदू तख्त के कार्यकर्ता गाय बचाओ के विशेष अभियान में किसी भी हद तक गायों को कटने से बचा रहे हैं। शुक्रवार को एक गाड़ी में भरी 10 गायों को छोटूपप्ल पुलिस की सहायता से कटने से बचाया गया। गाड़ियों में भरे अवैध गोवंश को हैदराबाद के कत्ल खाने में ले जाया जा रहा था। गोवंश को वहां की पुलिस की सहायता से श्री समर्थ कामधेनु गौशाला जियागुड़ा में सुरक्षित छोड़ा गया। यह जानकारी राष्ट्रीय गौरक्षा दल के महासचिव एवं टीटीडी गौ संरक्षक कोटी श्रीधर ने दी। उन्होंने बताया कि गौरक्षा के इस महा अभियान में गोरक्षादल तेलंगाना के अध्यक्ष कालू सिंह, गौरक्षा दल टाइगर फोर्स के अध्यक्ष दीपक सिंह, बजरंग दल के ऊपल जिला कन्वीनर सुनील नायक, गौज्ञान फाऊंडेशन के नितेश विजय वर्गीय, युग तुलसी फाउंडेशन के के शिव कुमार, बीजेपी तुक्कुगुड़ा काउंसलर यादगिरी अन्ना, रविंदर गौड, डॉ. इरम पुरणाम शांति गुप्ता, गौरक्षा दल तेलंगाना जनरल सेक्रेटरी पवन रेड्डी, गौ रक्षा दल सिटी प्रेसिडेंट शंकर यादव, केदार सिंह, अक्षय चारी, विशाल कोटूर, संतोष सिंह, विवेक सिंह, शंकर सिंह सहित अन्य गौ रक्षक मौजूद थे ।



मीरपेट म्युनिस्पल ऑफिस में बाबू जगजीवन रामजी की 117वीं जयंती के अवसर पर पार्षद बालामनी व ओम प्रकाश, जंगया सदेव, सफाई मजदूर कांग्रेस अध्यक्ष पी.राजेश वाल्मिकी ने बाबू जगजीवन रामजी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।



सनतनगर में केंद्रीय पर्यटन मंत्री किशन रेड्डी का स्वागत करते हुए सपना गुप्ता, भाग्यश्री, रेखा, सुनीता, अंजू, लक्ष्मी, बीना, सुनीता, किरण, शैफरन डायरेक्टर विमल गुप्ता।



काचीगुड़ा में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन ऑफ तेलंगाना के अध्यक्ष श्रीकिशन शर्मा का शॉल से सम्मान करते हुए केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी।

# पुलिस कप्तान ने समस्याग्रस्त और दूरस्थ मतदान केंद्रों का किया दौरा

## निर्भीक होकर मतदान करें, माओवादियों से न डरें, हम आपकी सुरक्षा करेंगे



**आसिफाबाद, 05 (शुभ लाभ ब्यूरो)।** कुमरम भीम आसिफाबाद जिले के एसपी के सुरेश कुमार ने शुक्रवार को सिरपुर यू पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत सुदूर और समस्याग्रस्त माओवादी बहुल देवाडिपल्ली और बाबजीपेट मतदान केंद्रों का दौरा किया।

इस अवसर पर एसपी ने ग्रामीणों से कहा कि माओवादी प्रसार के कारण सभी आप सभी को मतदान करने से नहीं डरना चाहिए।

बैठक का आयोजन चुनाव में लोगों का विश्वास बढ़ाने के लिए किया गया ताकि वे लोकतांत्रिक तरीके से मतदान कर सकें और एक बेहतर समाज के निर्माण में अपनी भूमिका निभा सकें।

माओवादियों एवं अन्य प्रलोभनों से निपटने के लिए लोगों को जागरूक किया गया कि वे स्वतंत्र वातावरण में अपने मताधिकार का प्रयोग करें। अजनबियों की झूठी बातों पर विश्वास न करें तथा पुलिस सदैव जनता के लिए उपलब्ध रहेगी एवं मदद करेगी।

यदि आपके पास गांव में किसी अज्ञात व्यक्ति के घूमने या संदिग्ध व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी हो तो आपसे अनुरोध है कि तत्काल पुलिस थाने को सूचित करें। इस कार्यक्रम में आसिफाबाद डीएसपी सदैया, जैनूर सीआई अंजना, एसआई संदीप, प्रवीण और अन्य पुलिस कर्मियों ने भाग लिया।

# पेयजल आपूर्ति का प्रभावी प्रबंधन किया जाए : दीपक तिवारी



**आसिफाबाद, 05 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अपर कलेक्टर (स्थानीय निकाय) दीपक तिवारी ने कहा कि पेयजल आपूर्ति कार्यक्रम को अधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर कुशलतापूर्वक संचालित किया जाए। गुरुवार को मंडल पंचायत अधिकारी अहमद उमर हुसैन, डिप्टी ई. मथीन अहमद से पूछताछ की। इस मौके पर जिला अपर समाहर्ता ने कहा कि गर्मी के मौसम के अंत तक हर घर में पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने के उपाय किये जाएं। उन्होंने कहा कि गांवों में ब्लैक कलेक्शन और बोरवेल के माध्यम से पानी उपलब्ध कराया जाएगा और दूरदराज के क्षेत्रों में जहां जल स्रोत उपलब्ध नहीं हैं, वहां टैंकरों के माध्यम से पानी पहुंचाने के लिए कदम उठाए जाएंगे। संबंधित अधिकारियों को हर घर में पेयजल उपलब्ध कराने और आंगनवाड़ी केंद्रों में पानी की आपूर्ति के लिए कदम उठाने और गांवों में पेयजल आपूर्ति, समस्याओं और समाधानों पर दैनिक रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। इस कार्यक्रम में मिशन भगीरथ, ग्रामीण जल आपूर्ति विभाग, पंचायत सचिव, संबंधित अधिकारी एवं अन्य लोग शामिल हुए।

# खोए हुए तीन सेल फोन उनके मालिकों को सौंपे गए



**कागजनगर 05 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** कागजनगर के डॉ. कर्रे वेंकटेश का वन प्लस 11आर मोबाइल फोन, जिसकी कीमत लगभग 30,000 रुपए है, मधु शैलेन्द्र का वीवो वी -25 मोबाइल फोन है, जिसकी कीमत लगभग 30,000 रुपए है और वन प्लस नॉर्ड 2टी मोबाइल फोन, जो रवि कुमार का है, लगभग 28000 रुपए है। कागजनगर टाउन पुलिस स्टेशन में मोबाइल फोन गुम होने की सूचना दी और कागजनगर टाउन सीआई के आदेश पर सीसीटीएनएस कांस्टेबल ई. नवीन को सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से पता लगाया गया और पीड़ित को सौंप दिया गया। सेलफोन मिलने के बाद मालिकों ने खुशी जताई और पुलिस को धन्यवाद दिया। इस मौके पर कागजनगर टाउन के सीआई टी. शंकरैया ने कहा कि अगर हर कोई जिसका मोबाइल खो गया है या चोरी हो गया है, वह तुरंत शिकायत दर्ज करता है, तो मोबाइल का पता लगाने की अधिक संभावना है। और इन मोबाइलों का पता लगाने में उनकी प्रतिभा के लिए सीसीटीएनएस कांस्टेबल ई. नवीन को विशेष धन्यवाद दिया गया।

# एसपी ने सिरपुर यू और केरामेरी थाने का किया औचक निरीक्षण

**आसिफाबाद, 05 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** एसपी सुरेश कुमार ने कुमरम भीम आसिफाबाद जिले के अंतर्गत सिरपुर यू और केरामेरी पुलिस स्टेशनों का औचक निरीक्षण किया। इसी तरह थाने में मुकदमों से संबंधित फाइलों और थाने से संबंधित अभिलेखों की जांच की गई। स्टाफ को कई सुझाव दिए गए। इसके तहत थाने में आने वाले फरियादियों के साथ विनम्र व्यवहार करने,उनकी समस्याओं को धैर्यपूर्वक सुनने और उनका समाधान करने तथा लोगों को अच्छी सेवाएं प्रदान करने के लिए कड़ी मेहनत करने की सलाह दी जाती है। उन्होंने कहा कि स्टाफ को थाने के प्रत्येक गांव के बारे में जानकारी होनी चाहिए, लोगों के संपर्क में




रहना चाहिए और लोगों के लिए अधिक सुलभ होना चाहिए। उन्होंने बताया कि बेहतर प्रदर्शन करने वालों को पुरस्कृत किया जायेगा साथ ही उन्होंने लोगों के लिए हमेशा उपलब्ध रहने और लोगों की समस्याओं का समाधान करने की सलाह दी। पुलिस कर्मियों को बिना किसी देरी के जनता की शिकायतों का तुरंत जवाब देने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि स्टेशन के रिकार्ड और आसपास को साफ-सुथरा रखा जाए। चुनाव आचार संहिता लागू होने के कारण उन्हें अपने कर्तव्यों के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी गई और चुनाव के संबंध में उचित निर्देश दिए गए। यह सुझाव दिया गया है कि मैदानी स्तर पर चुनाव नियमों को राजनीतिक दलों और व्यक्तियों से स्वतंत्र होकर निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से लागू किया जाना चाहिए। संसदीय चुनाव की पृष्ठभूमि में चेक पोस्ट पर कार्यरत कर्मियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने की सलाह दी गयी है। इस कार्यक्रम में आसिफाबाद डीएसपी सदैया, सीआई अंजना, श्रीनिवास, एसआई सागर और अन्य पुलिस कर्मियों ने भाग लिया।

# उंजाल सेवा महोत्सव भव्यता के साथ आयोजित



**यादगीरी गुट्टा, 05 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** प्रसिद्ध यदागिरिगुट्टा श्री लक्ष्मी नरसिम्हा स्वामी मंदिर में शुक्रवार को उंजाल सेवा महोत्सव अंदालम्मा के लिए एक दावत जैसा था। सबसे पहले देवी का विशेष शृंगार किया गया। उसके बाद, तिरुमाडा की सड़कों पर एक जुलूस आयोजित किया गया और दर्पण मंडप में देवी को अष्टोत्तर शतनामावली अर्पित की गई। इसके बाद, मंदिर के पुजारियों ने वैदिक मंत्रों के बीच अम्मावरी उंजली सेवा महोत्सव का आयोजन बड़ी भव्यता के साथ किया और भक्तों ने मंदिर के अधिकारियों के साथ इस समारोह में भाग लिया और अम्मावरी उंजल सेवा की पूजा की।

# सुदूरवर्ती क्षेत्रों के विद्यार्थियों को साइकिलों का वितरण



**कागजनगर 05 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** कुमरमभीम जिला काग़ज़नगर वासी रितिका ने खम्मम जिले के एक सरकारी स्कूल में पढ़ने वाली और जर्मनी में एक उच्च नौकरी में बसने वाली सुनीता मैडम की शिष्या चंद्रकणी लिंगा राव की बेटी रितिका के जन्मदिन के अवसर पर, दो लड़कियाँ जो जिला परिषद उच्च में पढ़ रही थीं काग़ज़नगर मंडल की स्कूल चिन्ना रास पल्ली, जहां बस की सुविधा नहीं थी और जो दूर-दराज के इलाके से स्कूल आते थे, उन्हें साइकिल उपहार में दी गई।

इस अवसर पर प्रधानाचार्या सुनीता ने लिंगा राव की पुत्री रीतिक्षा को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाली छात्राएं न केवल उच्च पदों पर स्थापित होंगी बल्कि सेवा के क्षेत्र में भी आगे बढ़ेंगी। इस कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक श्रीनिवास, पोशम, किरण, शिवराम, जीतेन्द्र, लाखक, अशोक सहित अन्य ने भाग लिया। इस अवसर पर गांव के बुजुर्गों, शिक्षकों, पिताओं और अभिभावकों ने लिंगाराव को बधाई दी।

# अवैध रूप से नकदी और शराब लाने वालों पर करवाई करें : एएसपी



**तानूर, 05 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** चुनाव अयोग के आदेशानुसार संसदीय चुनाव को ध्यान मे रखते हुए भैंसा एएसपी सुभाष कांतिलाल पाटिल ने तानूर मंडल का औचक दौरा कर बेलतरोड़ा के महाराष्ट्र सीमा पर उपस्थित चेक पोस्ट पर पुलिस द्वारा वाहनों की तलाशी कार्य का निरीक्षण किया और अधिकारियो से कहा कि संसदीय चुनाव के मद्देनज़र तानूर मंडल क्षेत्र महाराष्ट्र सीमाओ से लगे रहने के कारण प्रत्येक सीमाओं पर पुलिस की चौकी तैनात कर दिन रात 24 घंटे पुलिस तैनात कर वाहनों तलाशी क़ी जाए औऱ अवैध रूप से किसी व्यक्ति द्वारा वाहन में नगद राशि औऱ शराब लेकर आने वाले लोगो क़ी जांच कर उनपर करवाई करने के कड़े निर्देश दिए। एएसपी कांतिलाल पाटिल ने स्वयं पुलिस टीम के साथ गुरुवार क़ी शाम बेलतरोड़ा चेक पोस्ट पर देर समय तक उपस्थित रहकर वाहनों की तलाशी ली। इस अवसर पर तानूर एसआई लोकाम संदीप औऱ अन्य पुलिस कर्मचारी उपस्थित थे।

# विधायक पलवई हरीश बाबू ने बाबू जगजीवन राम को अर्पित की पुष्पांजलि



**कागजनगर 05 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** सिरपुर टी विधायक डॉ. पलवई हरीश बाबू ने शुक्रवार को कस्बे के चिंतागुड़ा चौराहे पर बाबू जगजीवन राम की 117वीं जयंती के अवसर पर उनकी मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि भारत की पहली कैबिनेट में मंत्री रहे और 30 वर्षों तक केंद्रीय रक्षा, कृषि और श्रम मंत्री रहे बाबू जगजीवन राम कई उच्च पदों पर रहे। उन्होंने यह भी बताया कि वह भारत के उपप्रधानमंत्री के पद पर काम कर चुके हैं और उनके नक्शेकदम पर चलकर दलित समाज के विकास के लिए काम करने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि वह सिरपुर निर्वाचन क्षेत्र में दलित समुदाय के विकास के लिए अथक प्रयास करेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि उन्हें वह विकास और कल्याण लाभ मिले जिसके वे हकदार हैं।

# बिरला इलैया ने बाबू जगजीवन राम को अर्पित की श्रद्धांजलि



**यादाद्री बोनागिर, 05 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** सरकारी सचेतक अलेरू विधायक बिड़ला इलैया ने स्वतंत्रता सेनानी, दलित जन बंधु, समतावादी समाज सुधारक, पूर्व उपप्रधानमंत्री डॉ. बाबू जगजीवन राम की जयंती के अवसर पर यादगिरिगुट्टा मंडल केंद्र में जगजीवन राम की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस कार्यक्रम में मंडल के जन प्रतिनिधि, कांग्रेस पार्टी के नेता, कार्यकर्ता व अन्य लोग शामिल हुए।

# नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन




**कागजनगर 05 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** कुमरमभीम जिला कागजनगर मंडल में नागमपेट ग्राम पंचायत के अंतर्गत गुव्वालगुडा स्पर्श फाउंडेशन एवं सिरपुर पेपर मिल के तत्वाव धान में गांव में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मिल के प्रबंधक रमेश राव ने बताया कि जलवायु परिवर्तन के कारण होने वाली बीमारियों के लिए विशेष रूप से चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि स्पर्श फाउंडेशन का उद्देश्य दूर-दराज के गांवों में लोगों को ये चिकित्सा सेवाएं प्रदान करना है। मिल ने गांव के रमेश, सदाशिव, अशोक कुमार गांव के विशेष अधिकारी रामकृष्ण के विभिन्न परीक्षण किए और उन्हें मुफ्त में दवाएं वितरित कीं। मिल अस्पताल के कर्मचारी, बहन रेखा, श्रीवानी तन्निरु विजय, आशा कार्यकर्ता प्रमिला, रजिता गांव के लोग आदि शामिल हुए।

### दिल्ली के उपराज्यपाल ने चरमराते स्वास्थ्य ढांचों पर सौरभ भारद्वाज को लिखा पत्र

# स्वास्थ्य सेवा वितरण का दिल्ली मॉडल वेंटिलेटर पर है

**नई दिल्ली, 05 अप्रैल (एजेंसियां)।**

दिल्ली के उप-राज्यपाल वी.के. सक्सेना ने राज्य के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज को पत्र लिखकर कहा है कि स्वास्थ्य सेवा वितरण का दिल्ली मॉडल जर्जर स्थिति में है और ऐसा प्रतीत होता है कि यह जीवन रक्षक वेंटिलेटर पर है।

उपराज्यपाल ने लिखा, मैं 4 अप्रैल के आपके नोट के संदर्भ में लिख रहा हूं, जिसमें डॉ. हेडगेवार आरोग्य संस्थान और चाचा नेहरू बाल चिकित्सालय में बुनियादी कंज्यूमेबल सामग्रियों की कमी की ओर ध्यान आकर्षित किया गया है। आमतौर पर, मैं यह पत्र मुख्यमंत्री के नाम लिखता, लेकिन उनकी अनुपस्थिति में, वर्तमान परिस्थितियों में, मैं यह संचार सीधे आपको संबोधित करने के लिए बाध्य हूं। आपको याद होगा कि पिछले एक सप्ताह में दो मौकों पर, मैंने आपसे दी गई परिस्थितियों में स्वास्थ्य सेवा से संबंधित सार्वजनिक महत्व के मुद्दों पर चर्चा के लिए आने का अनुरोध किया था। हालांकि, आपने निमंत्रण को नजरअंदाज किया और इसकी बजाय न आने के लिए तुच्छ बहाने बना लिए। इस तरह के संचार का एकमात्र उद्देश्य प्रशासन में खामियों के लिए अपनी जिम्मेदारी से बचना और सार्वजनिक मंच पर झूठी कहानी बनाना है।

एलजी ने पत्र में आरोप लगाया, मुद्दे को सीधे तौर पर उठाने की बजाय आपने लगातार भ्रामक संदेश भेजने और मीडिया में आरोप-प्रत्यारोप करने का विकल्प चुना है। एक हालिया उदाहरण है जहां आपको और आपके स्वास्थ्य सचिव को उच्च न्यायालय में एक मामले में व्यक्तिगत रूप से पेश होने के लिए कहा गया था। अदालत स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे की दयनीय स्थिति से इतनी व्यथित थी कि खंडपीठ ने आपको खुली अदालत में कारावास की धमकी दी। यह आपके लिए अपने विभाग में सुचारू कामकाज के लिए सुधारात्मक उपाय करने का पर्याप्त कारण होना चाहिए था।



उन्होंने कहा, मुझे आश्चर्य है कि दिल्ली सरकार द्वारा संचालित राष्ट्रीय राजधानी के अस्पताल में कॉटन जैसी बुनियादी सामग्रियां भी नहीं हैं। आपने एक केंद्र में आर्थोपेडिक डॉक्टर की अनुपलब्धता पर भी प्रकाश डाला है। उपराज्यपाल ने दावा किया कि स्थिति इतनी खराब है कि उच्च न्यायालय को हाल ही में कदम उठाना पड़ा और स्वास्थ्य सुविधाओं का उचित मूल्यांकन करने और सुधारात्मक कदम उठाने के लिए एक रोडमैप प्राप्त करने के लिए डॉक्टरों की एक समिति गठित करनी पड़ी। उपराज्यपाल के पत्र में आगे कहा गया है, यह दुःखद स्थिति पिछले 10 साल के दौरान स्वास्थ्य प्रशासन के पतन की ओर इशारा करती है, जो आपके लिए चिंता और आत्मनिरीक्षण का कारण होना चाहिए।

मुझे आपको याद दिलाना होगा कि स्वास्थ्य एक ऐसा विषय है जो दिल्ली सरकार को पूरी तरह स्थानांतरित कर दिया गया है। प्रभारी मंत्री के रूप में, आपको मंत्रिपरिषद में आपको सौंपे गए विभागों पर निर्णय लेने से नहीं कतराना चाहिए। आदर्श रूप से इस गंभीर स्थिति पर मंत्रिपरिषद में बहुत पहले ही चर्चा की जानी चाहिए थी, जो सरकार की सर्वोच्च विचार-विमर्श वाली नीति-निर्माण संस्था है।

उपराज्यपाल ने कहा है, मैं एक बार फिर आपसे नेतृत्व प्रदर्शित करने और गंभीर कार्रवाई के लिए एक रोडमैप तैयार करने का आग्रह करूंगा। इस विषय पर एक श्वेत पत्र एक उपयोगी प्रारंभिक बिंदु हो सकता है। आप मार्गदर्शन के लिए विशेषज्ञों को शामिल कर सकते हैं। मुझे उम्मीद है कि आप मेरी सलाह को सही भावना में स्वीकार करेंगे और अपने वरिष्ठ सहयोगियों से भी सलाह लेकर अपने प्रभार के तहत विभागों के प्रशासन को फिर से मजबूत करेंगे।

## हथियारों की खरीद-फरोख्त मामले में लालू के खिलाफ स्थायी गिरफ्तारी वारंट जारी



**ग्वालियर, 05 अप्रैल (एजेंसियां)।**

बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय जनता दल के नेता लालू प्रसाद यादव के खिलाफ मध्य प्रदेश की एमपीएमएलए कोर्ट ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। मामला हथियारों की अवैध खरीद-फरोख्त से जुड़ा है और करीब 26 साल से लंबित है। ग्वालियर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने इस संबंध में लालू के खिलाफ यह वारंट जारी किया है।

ग्वालियर की अदालत ने लालू प्रसाद यादव को इस मामले में 1998 में फरार घोषित किया था। यूपी की फर्म के संचालक राजकुमार शर्मा पर आरोप है कि उसने ग्वालियर की हथियारों की तीन कंपनियों से फर्जीवाड़ा कर 1995 से 1997 के बीच हथियार और कारतूस खरीदे थे। शर्मा ने हथियार और कारतूस बिहार में बेच दिए थे। जिन लोगों को यह हथियार बेचे गए, उनमें लालू प्रसाद यादव का नाम भी है। ये मामला 23 अगस्त 1995 से 15 मई 1997 के बीच का है। इस मामले में कुल 22 आरोपी हैं। छह के खिलाफ सुनवाई चल रही है। दो की मौत हो चुकी है। वहीं लालू प्रसाद यादव समेत 14 फरार हैं।

इस मामले में लालू प्रसाद यादव आरोपी तो हैं लेकिन राजद नेता और पूर्व मुख्यमंत्री हैं या नहीं, इसे लेकर भ्रम की स्थिति बनी हुई थी। अदालत के रिकॉर्ड से इसकी पुष्टि नहीं हो रही थी। दस्तावेजों के अनुसार आरोपी लालू प्रसाद के पिता का नाम कुंद्रिका सिंह है। वहीं, राजद नेता लालू प्रसाद के पिता का नाम कुंदन राय है। लालू प्रसाद के पिता का नाम सिर्फ फरारी पंचनामे में लिखा है। पुलिस ने कोर्ट में जो चालान और फरार आरोपियों की सूची पेश की है, उनमें पिता का नाम नहीं लिखा था। शेष आरोपियों के पिता के नाम के साथ शहर तक का उल्लेख था। हालांकि, पूर्व सांसद और विधायक लालू प्रसाद यादव का जिक्र होने से यह केस एमपी-एमएलए कोर्ट में गया है। अब पुलिस का दावा है कि आरोपी लालू प्रसाद यादव कोई और नहीं बल्कि राजद नेता ही हैं। इसी आधार पर उन्हें आरोपी बनाया और गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। पुलिस ने अपने अनुसंधान के बाद ही लालू प्रसाद यादव को आरोपी बनाया है। यह केस अन्य कोर्ट से एमपी-एमएलए कोर्ट को ट्रांसफर हुआ था। अब स्थायी गिरफ्तारी वारंट जारी कर लालू प्रसाद यादव को कोर्ट ने तलब किया है।

## चुनाव आयोग ने भाजपा संबंधी बयान पर आपा नेता आतिशी को थमाया नोटिस



**नई दिल्ली, 05 अप्रैल (एजेंसियां)।**

भाजपा की शिकायत पर चुनाव आयोग ने दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी को नोटिस भेजा है। उन्हें सोमवार तक जवाब देने को कहा गया है। निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को दिल्ली की मंत्री एवं आम आदमी पार्टी (आपा) की नेता आतिशी को कारण बताओ नोटिस जारी किया और उनसे उनके इस बयान का तथ्यों के साथ समर्थन करने को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पार्टी में शामिल होने के लिए उनसे संपर्क किया था।

इससे पहले भाजपा ने आतिशी के इस दावे के खिलाफ आयोग का रुख किया था कि किसी करीबी के माध्यम से भाजपा ने उनसे सम्पर्क कर उन्हें पार्टी में शामिल होने के लिए कहा। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी नोटिस में कहा गया है, आप (आतिशी) राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार में मंत्री हैं और एक राष्ट्रीय पार्टी की नेता हैं। सार्वजनिक मंच से नेताओं द्वारा कही गई बातों पर मतदाता विश्वास करते हैं और इस तरह से उनके द्वारा दिए गए बयान प्रचार विमर्श को प्रभावित करते हैं। निर्वाचन आयोग ने कहा कि वह अपेक्षा करता है कि आपा नेता द्वारा दिए गए बयानों का एक तथ्यात्मक आधार होना चाहिए और चूंकि दिए गए बयानों की सत्यता पर विवाद हुआ है, इसलिए उन्हें तथ्यात्मक आधार के साथ इसका समर्थन करने में सक्षम होना चाहिए। आपा नेता को सोमवार दोपहर तक जवाब देने को कहा गया है। नोटिस में कहा गया है, इसलिए, अब आपसे इस मामले पर अपना जवाब देने के लिए कहा जाता है।

## युद्ध के बदलते स्वरूप के अनुसार तैयार रहे सेना: जनरल चौहान




**नई दिल्ली, 05 अप्रैल (एजेंसियां)।**

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान ने सैन्य नेतृत्व को युद्ध के बदलते स्वरूप के अनुरूप ढलने की आवश्यकता पर जोर देते हुए तीनों सेनाओं के बीच तालमेल को महत्वपूर्ण बताया है। जनरल चौहान शुक्रवार को डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज, वेलिंगटन में भारतीय सशस्त्र बलों के भावी नेतृत्व को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने उभरती सुरक्षा चुनौतियों की पृष्ठभूमि में भारतीय सेना में किए गए महत्त्वपूर्ण सुधारों पर जोर दिया। कमांडेंट ने प्रमुख रक्षा अध्यक्ष को कॉलेज में चल रही प्रशिक्षण गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। जनरल चौहान ने प्रशिक्षण के दौरान संयुक्त कौशल और अंतर-सेना समनव्य को बढ़ावा देने पर जोर दिया। कॉलेज में फिलहाल 79 वां स्टाफ कोर्स चल रहा है। यह कोर्स 45 सप्ताह की अवधि का है। वर्तमान पाठ्यक्रम में 476 छात्र अधिकारी शामिल हैं जिनमें 26 मित्रवत विदेशी देशों के 36 छात्र शामिल हैं।

## विजयन ने दूरदर्शन से फिल्म केरल स्टोरी नहीं दिखाने का किया आग्रह




**तिरुवनंतपुरम, 05 अप्रैल (एजेंसियां)।**

केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने दूरदर्शन से फिल्म केरल स्टोरी के प्रसारण के अपने फैसले को वापस लेने का आग्रह किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले इस फिल्म को दिखाने से सांप्रदायिक तनाव बढ़ सकता हैं। विजयन ने आरोप लगाया है कि देश में लोकसभा चुनावों से पहले यह सांप्रदायिक ध्रुवीकरण पैदा करने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ-भारतीय जनता पार्टी (आरएसएस-भाजपा) का प्रचार है। विजयन ने एक ट्वीट करते हुए दूरदर्शन से इसे रोकने की गुजारिश की है।

उन्होंने एक्स पर पोस्ट साझा करते हुए लिखा, ध्रुवीकरण को उकसाने वाली फिल्म द केरल स्टोरी को प्रसारित करने का दूरदर्शन का निर्णय बेहद ही निंदनीय है। राष्ट्रीय समाचार प्रसारक को भाजपा-आरएसएस गठबंधन की प्रचार मशीन नहीं बनना चाहिए और ऐसी फिल्म की स्क्रीनिंग नहीं होनी चाहिए जो आम चुनाव से पहले सांप्रदायिक तनाव बढ़ा सकती है। केरल नफरत फैलाने के ऐसे दुर्भावनापूर्ण प्रयासों का कड़े शब्दों में विरोध करने में दृढ़ रहेगा।

उन्होंने कहा, देश के आधिकारिक प्रसारक दूरदर्शन को संघ परिवार के सांप्रदायिक एजेंडे पर नाचने वाली कठपुतली नहीं बनना चाहिए। दूरदर्शन भाजपा उम्मीदवारों के लिए सांप्रदायिक अभियान चलाने वाली एजेंसी नहीं है। गौरतलब है कि दूरदर्शन ने फिल्म द केरल स्टोरी को शुक्रवार को प्रसारित करने की घोषणा की है। जो केरल का अपमान करने के समान है। धर्मनिरपेक्ष केरल सांप्रदायिक कलह को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ऐसे विध्वंसक प्रयासों का विरोध करने के लिए एकजुट होगा।इस बीच, केरल विधानसभा में विपक्ष के नेता वीडी सतीसन ने कहा कि कांग्रेस पार्टी 'केरल स्टोरी' के प्रसारण को रोकने के लिए चुनाव आयोग से संपर्क करेगी, और आरोप लगाया कि यह चुनाव के दौरान आचार संहिता का उल्लंघन है।


### मुख्तार अंसारी के बेटे की याचिका

## सुप्रीम कोर्ट ने यूपी सरकार से मांगा जवाब

**नई दिल्ली/लखनऊ, 05 अप्रैल (एजेंसियां)।**

मुख्तार अंसारी की मृत्यु पर 10 अप्रैल को विशेष प्रार्थना (फातेहा) में शामिल होने के लिए जेल में बंद मुख्तार के बेटे अब्बास अंसारी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है। सुप्रीम कोर्ट ने इस पर उत्तर प्रदेश सरकार से जवाब मांगा है।

अब्बास के वकील ने न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ को बताया कि उनकी याचिका समय पर अदालत के समक्ष सूचीबद्ध नहीं हो सकी और अंतिम संस्कार हो चुका है। वकील ने कहा कि उन्हें याचिका में संशोधन करने और 10 अप्रैल को होने वाली फातेहा में शामिल होने की अनुमति दी जाए। पीठ ने कहा, याचिकाकर्ता के वकील ने शुरू में कहा कि चूंकि अंतिम संस्कार पहले ही हो चुका है, याचिकाकर्ता रिट याचिका में संशोधन करना चाहता है ताकि वह 10 अप्रैल को होने वाली फातेहा में शामिल हो सके। नोटिस जारी करें और नौ अप्रैल तक इसपर जवाब मांगें।




### कार्टून कॉर्नर




### सर्राफ़ा बाज़ार



(24 कैरेट गोल्ड)

सोना : 72,720/- (प्रति 10 ग्राम)

चाँदी : 82,540/- (प्रति किलोग्राम)

# एनआईए ने की बेंगलुरु ब्लास्ट के मुख्य और सह-आरोपी की पहचान

### फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए मांगा सहयोग

**बेंगलुरु, 05 अप्रैल (एजेंसियां)।**

एनआईए ने रामेश्वरम कैफे ब्लास्ट मामले में बड़ी कार्रवाई की है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने इस मामले के मुख्य आरोपी के रूप में मुसाविर हुसैन शाजिब और सह-साजिशकर्ता के रूप में अब्दुल मथीन ताहा की पहचान की है। इससे पहले हाल ही में एनआईए ने कर्नाटक, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश के 18 ठिकानों पर छापेमारी की थी। एनआईए ने कहा था कि धमाके में संलिप्त फरार आरोपियों को पकड़ने के प्रयास जारी हैं। बड़ी साजिश का पर्दाफाश करने की कोशिशें जारी हैं।

एनआईए के प्रवक्ता ने कहा कि इस मामले के मुख्य आरोपी मुसाविर हुसैन शाजिब और सह-साजिशकर्ता अब्दुल मथीन ताहा दोनों कर्नाटक के शिवमोग्गा जिले के तीर्थहल्ली के निवासी हैं। इसके अलावा, मामले में जांच के दौरान मुजम्मिल शरीफ को 26 मार्च को गिरफ्तार किया गया था। मुजम्मिल शरीफ ने मुख्य आरोपी व्यक्तियों को विस्फोट के लिए सामग्री उपलब्ध कराई थी। गिरफ्तारी के बाद उससे पूछताछ की गई थी। इस दौरान एजेंसी ने यह भी बताया कि उसने 29 मार्च को इस मामले में शामिल हर भगोड़े की गिरफ्तारी के लिए सूचना देने पर 10 लाख रुपये के इनाम की भी घोषणा की।

राष्ट्रीय जांच एजेंसी के प्रवक्ता ने कहा कि इस मामले में सबूत और जानकारी इकट्ठा करने के लिए फरार और गिरफ्तार आरोपी व्यक्तियों के कॉलेज और स्कूल के दोस्तों सहित सभी परिचितों को बुला रही है और उनसे पूछताछ कर रही है। इस दौरान उन्होंने फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए सभी से सहयोग मांगा।

गौरतलब है कि एक मार्च को बेंगलुरु के वाइटफील्ड इलाके में स्थित रामेश्वरम कैफे में धमाका हुआ था। इस धमाके में कई लोग घायल हुए थे। इस मामले की जांच एनआईए कर रही है। धमाके का संदिग्ध सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है।

### भगत सिंह के पोते ने सलाखों के पीछे केजरीवाल की इमेज को लेकर आपा पर निशाना साधा

## केजरीवाल की तुलना क्रांतिकारियों से करने की ओछी हरकतों से बाज आए आपा

**चंडीगढ़, 05 अप्रैल (एजेंसियां)।**

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जेल में बंद इमेज को लेकर महान स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह के पोते यादवेंद्र संधू ने शुक्रवार को आम आदमी पार्टी पर निशाना साधा। यादवेंद्र संधू ने कहा, आज सुबह दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल का एक वीडियो सामने आया। वीडियो में दीवार पर भगत सिंह और बाबा साहेब अंबेडकर के साथ अरविंद केजरीवाल की फोटो लगी देखी। ये देखने के बाद मुझे बहुत बुरा लगा। उनकी तुलना दिग्गजों से करने की कोशिश की गई, मैं आम आदमी पार्टी से कहूंगा कि ऐसी हरकतों से बाज आएं। भगत सिंह ने देश के लोगों के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया। इसके विपरीत, सीएम अरविंद केजरीवाल को कथित भ्रष्टाचार के आरोप में जेल की सजा भुगतनी पड़ रही है। आप ने गुरुवार को मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास पर स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह और भारतीय संविधान के निर्माता बीआर अंबेडकर की तस्वीरों के बीच तिहाड़ जेल में बंद केजरीवाल की एक फोटो लगाई।




शुभ लाभ Classifieds FIND BUY SELL

**CHANGE OF NAME**

I, M. RADHA BOSE, D/o BABU RAO PALLEM, Legally wedded Spouse of service No. 614098 S, RANK: MASTER WARRANT OFFICER, EX-HONY FLT Y. MURALA SUBHAS CHANDRA BOSE, presently residing at Plot NO: 5A, Bajrang Nagar Colony. RISALABAZAR, Bolarum (Post) Secunderabad -10. Telangana, PIN: 500010.I have changed my name from **M RADHA BOSE** to **MURALA RADHA** That both Names.pertain to the same person my date of birth 29/07/1961. FIV Spl. Metropolitan Magistrate HYDERABAD

**CHANGE OF NAME**

I, G SRI DEVI, D/o. Late: BHONAGIRI RAMULU, Legally wedded Spouse of service No. 620286 A, RANK: MASTER WARRANT OFFICER, EX-HONY FLYING OFFICER, NAME: GALLA KUMAR NADH BABJEE, presently residing at FLAT:NO: B-105, Janapriya Arcadia, Kowkoor, Bolarum, (post) Secunderabad-10 TELANGANA STATE pin 500010, I have changed my name from **G SRI DEVI** to **GALLA SRI DEVI** That both Names. pertain to the same person That my date of birth is 13/07/1962. FIV SPL Metropolitan Magistrate Hyderabad

**CHANGE OF NAME**

I, NAGAMANI Spouse of Kondisetti Mallikarjuna Rao, R/o.1-20-380/101, Sai Residency, Road No.18, West Venkatapuram, Hyderabad-500015 have changed my name from **NAGAMANI** to **KONDISETTI NAGAMANI** vide Affidavit dt:4-4-2024 before IV Spl Metropolitan Magistrate, Hyderabad.

**CHANGE OF NAME**

I, ANITA DEVI is legally wedded spouse of service No 14652265M Rank-Nk Name-Awadh Kishor Ram presently residing at Village –Purushottampur, PO- Majhariya Sheikh,PS-Majhauliya District- W .Champaran PIN-845454 State-Bihar have changed my name from ANITA DEVI to ANITA KUMARI add in my Husband service documents Before Notary Sanjay Kumar W.Champaran dated 15/03/2024.In future, I will be known by ANITA KUMARI.

## केसीआर ने अच्छी किस्मत के लिए वास्तु का सहारा लिया

# चुनाव में शर्मनाक हार के बाद पार्टी मुख्यालय के मुख्य प्रवेश की दिशा बदली

**हैदराबाद, 05 मार्च (एजेंसियां)।**
पूर्व मुख्यमंत्री और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के अध्यक्ष के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) ने अच्छी किस्मत के लिए वास्तु का सहारा लिया है। केसीआर के निर्देश पर हैदराबाद के बंजारा हिल्स स्थित पार्टी हेडक्वार्टर तेलंगाना भवन के मेन एंट्रेंस गेट की दिशा बदल दी गई है। कंस्ट्रक्शन का काम जारी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, तेलंगाना विधानसभा चुनाव 2023 में मिली शर्मनाक हार के बाद केसीआर ने वास्तु बदलने का फैसला लिया है। लोकसभा चुनाव से पहले के. केशव राव और कादियाम श्रीहरि जैसे सीनियर नेताओं का पार्टी छोड़ना भी इसकी वजह बताई जा रही है।




पार्टी के एक नेता ने बताया कि अभी तेलंगाना भवन का मेन गेट उत्तर-पश्चिम दिशा की ओर है। भवन के सामने वीधी पोटू या टी-जंक्शन है, जहां तीन सड़कें एक पॉइंट पर मिलती हैं। वास्तु के हिसाब से यह निगेटिव एनर्जी खींचती है। निगेटिव एनर्जी को दूर करने के लिए बिल्डिंग के उत्तर-पूर्व की तरफ एक और गेट खोला जा रहा है। गाड़ियों के लिए नए एंट्रेंस पर एक रैम्प भी बनाया गया है। हालांकि, पार्टी के एक अन्य नेता ने बताया कि ट्रैफिक जाम की दिक्कत को लेकर नया गेट बन रहा है।

भारत राष्ट्र समिति का 2001 में गठन हुआ था। पार्टी का नाम पहले तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) था। शुरुआत में पार्टी का ऑफिस बंजारा हिल्स में एक छोटे कैंपस में था। बाद में बड़ी बिल्डिंग बनाई गई, जिसे तेलंगाना भवन नाम दिया गया। 14 अगस्त 2006 को बिल्डिंग का उद्घाटन हुआ था। यह पहली बार नहीं है जब केसीआर ने तेलंगाना भवन का वास्तु बदला हो। इससे पहले उन्होंने 2014 और 2017 में बिल्डिंग के अंदर बदलाव कराए थे। 2014 में तेलंगाना भवन में अंदर की दीवारों और कमरे के दरवाजों को हटाया गया था।

2014 में तेलंगाना राज्य बनने के बाद पहली बार विधानसभा चुनाव हुए थे और टीआरएस सत्ता में आई थी। तीन साल बाद 2017 में बिल्डिंग में फिर से रेनोवेशन का काम हुआ था।

तब कुछ कमरों में टॉयलेट हटाए और बनाए गए थे। 2018 के विधानसभा चुनाव में टीआरएस ने भारी जीत के बाद दूसरी बार राज्य में सरकार बनाई। केसीआर दूसरी बार सीएम बने। हालांकि, 2023 के विधानसभा चुनाव में बीआरएस हार गई। पार्टी ने 119 सदस्यीय विधानसभा में सिर्फ 39 सीटें हासिल की थी। केसीआर वास्तु में काफी विश्वास रखते हैं। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि बतौर सीएम अपने दो कार्यकाल में वे करीब 24 बार ही सेक्रेट्रिएट आए थे। उनका मानना था कि सेक्रेट्रिएट की बिल्डिंग वास्तु के अनुसार नहीं बनी थीं। इसलिए वे ज्यादातर काम अपने कैंप ऑफिस-सह-आवास प्रगति भवन से ही करते थे। 2023 के विधानसभा चुनाव से पहले उनकी सरकार ने 1,000 करोड़ रुपए खर्च करके एक नए सेक्रेट्रिएट का निर्माण कराया था।

## वाग्देवी पाठशाला का छात्र सुचिर इंडिया प्रतिभा खोज परीक्षा में राज्य में 5वें स्थान पर



**तानूर, 05 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
वाग्देवी विद्यानिकेतन पाठशाला के छात्र दोड़ाड़े हर्षवर्धन ने सुचिर इंडिया प्रतिभा खोज परीक्षा मे राज्य स्तर पर 5वीं रैंक एवं जिला स्तर पर दूसरी रैंक हासिल की है। राज्य स्तर पर पदक मिलने पर शुक्रवार को पाठशाला मे अध्यपकों ने खुशियाँ मनाई और एक दूसरे को मिठाइयां खिलाई। हर्षवर्धन ने अपनी प्रतिभा दिखाते हुए पाठशाला का नाम रोशन कर सोशल वेलफेयर सोसायटी सुचिरइंडिया फाउंडेशन द्वारा आयोजित 31वीं सर सीवी रमन टैलेंट सर्च परीक्षा में आए युवा प्रतिभावान विद्यार्थियों के लिस्ट मे अपने पाठशाला का नाम रोशन करते हुवे स्वर्ण पदक हासिल किया। इस बात क़ी जानकारी पाठशाला के प्रधानअध्यापक अरविद रेड्डी व अविनाश ने देते हुए बताया कि गुरुवार रात श्री सत्य साईं कॉरपोरेशन, श्रीनगर कॉलोनी, हैदराबाद में श्री चंद्र बोस (ऑस्कर पुरस्कार विजेता), ने गुरुवार की रात वाग्देवी स्कूल के तीसरी कक्षा के छात्र हर्षवर्द्धन, जिसने राज्य में 5 वीं रैंक और निर्मल जिले में दूसरी रैंक हासिल किए जाने पर किरण के हस्ते हर्षवर्धन को उपहार के रुपमें पदक देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में तानूर पाठशाला के प्रिंसिपल अरविंद रेड्डी, हर्ष वर्धन के माता-पिता दोदाडे नागेश-रोजा ने उपस्थित थे।

## बाबू जगजीवन राम की दी गई श्रद्धांजलि




**हनमाकोंडा, 05 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
भारत के पूर्व उपप्रधानमंत्री डॉ. बाबू जगजीवन राम की 117वीं जयंती शुक्रवार को हनुमाकोंडा जिला समाहरणालय में मनाई गयी। इस अवसर पर ज्योति जलाने के बाद हनुमाकोंडा जिला कलेक्टर सिक्ता पटनायक ने डॉ. बाबू जगजीवन राम के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। अपर कलेक्टर राधिका गुप्ता, वेंकट रेड्डी, प्रशिक्षु कलेक्टर श्रद्धा शुक्ला, डीआरओ वाई. वी गणेश, समाज कल्याण डीडी निर्मला सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी शामिल हुए।

## सीएम रेड्डी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने पर चंद्रबाबू को ईसी का नोटिस

### *जवाब के लिए 48 घंटे का समय*

**अमरावती, 05 मार्च (एजेंसियां)।**
चुनाव आयोग ने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी के लिए तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) प्रमुख एन. चंद्रबाबू नायडू को नोटिस जारी किया है। लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान 31 मार्च को आंध्र प्रदेश के सीएम जगन मोहन रेड्डी को राक्षस और जानवर कहने पर टीडीपी प्रमुख को गुरुवार को नोटिस जारी किया गया था। आंध्र प्रदेश के मुख्य चुनाव आयुक्त ने चंद्रबाबू नायडू को अपनी बयान पर सफाई पेश करने के लिए 48 घंटे का समय दिया है। वाईएआरसीपी के प्रदेश महासचिव लैला अप्पी रेड्डी की शिकायत के बाद चंद्रबाबू नायडू को यह नोटिस जारी किया गया था। नोटिस के अनुसार, टीडीपी प्रमुख चंद्रबाबू नायडू येम्मिगनूर, मार्कापुरम और बापटला निर्वाचन क्षेत्र में रैली के दौरान मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी के लिए अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया था। उन्होंने सीएम को राक्षस, चोर और जानवर कहा था। शिकायत के बाद चुनाव आयोग ने भाषणों की समीक्षा की, जो कि उन्हें एक पेन ड्राइव में उपलब्ध कराए गए थे। बता दें कि आंध्र प्रदेश में विधानसभा और लोकसभा चुनाव 13 मई को होने वाला है।



राज्य की विधानसभा में कुल 175 सीटें हैं और सरकार बनाने के लिए 88 सीटों की जरूरत होती है। 2014 विधानसभा चुनाव में चंद्रबाबू नायडू के नेतृत्व वाली टीडीपी ने भारी बहुमत के साथ 102 सीटों पर जीत हासिल की थी। वहीं जगन महन रेड्डी की वाईएसआरसीपी ने 67 सीटें जीती थी। भाजपा यहां केवल चार ही सीट जीत पाई थी। 2019 के विधानसभा चुनाव में वाईएसआरसीपी ने 151 सीटे जीतकर सरकार का गठन किया था, जबकि टीडीपी केवल 23 सीटें ही जीत पाई थी। देशभर में 543 लोकसभा सीटों पर 19 अप्रैल से मतदान होने वाला है। नतीजे चार जुलाई को जारी होंगे।

## आंध्र प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष शर्मिला ने शुरु किया चुनावी प्रचार अभियान

**कडप्पा (आंध्र प्रदेश), 05 मार्च (एजेंसियां)।**
आंध्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी (एपीसीसी) की अध्यक्ष वाई एस शर्मिला ने शुक्रवार को यहां बडवेल निर्वाचन क्षेत्र के अमगमपल्ली से लोकसभा और विधानसभा चुनावों के लिए अपने प्रचार अभियान की शुरुआत की। चुनावी प्रचार के तहत शर्मिला पहले दिन इटुकुलापाडु, वारिकुंतला, कलसापडु, पोरमामिला, पायलकुंतला और अन्य गांवों में पहुंची और वहां के लोगों को संबोधित करने के बाद रात 10 बजे के आसपास अटलूर में अपने पहले दिन के चुनाव प्रचार का समापन किया। अमगमपल्ली में एक छोटी जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, वाईएसआर (वाईएस राजशेखर रेड्डी) कांग्रेस के आदमी थे। उन्होंने मुख्यमंत्री के रूप में कई कमाल किए। अब जगन मुख्यमंत्री हैं और उन्होंने राज्य को भाजपा के हाथों में पहुंचा दिया। उन्होंने कहा कि राज्य के बंटवारे के समय आंध्र प्रदेश को विशेष श्रेणी का दर्जा दिए जाने सहित कडप्पा इस्पात संयंत्र को लेकर भी वादे किए गए थे लेकिन कोई भी वादा



पूरा नहीं हुआ।शर्मिला ने कडप्पा लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने का प्रमुख कारण वाईएसआर कांग्रेस प्रमुख और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई एस जगन मोहन रेड्डी को बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि वाईएसआर कांग्रेस ने वाई एस विवेकानंद रेड्डी की कथित हत्या करने वाले लोगों को यह सीट आवंटित कर दी। विवेकानंद रेड्डी खुद कडप्पा के पूर्व सांसद और राजशेखर रेड्डी के छोटे भाई थे। उनकी 15 मार्च, 2019 को चुनाव के दौरान हत्या कर दी गई थी। उनकी हत्या का मामला अभी भी अनसुलझा है। शर्मिला ने कहा, हत्यारों को संरक्षण दिया जा रहा है। यह निंदनीय, दुर्भाग्यपूर्ण और अन्यायपूर्ण है। हत्यारों को फिर से कानून बनाने वाली संस्थाओं (संसद) में प्रवेश नहीं मिलना चाहिए।इसके अलावा, उन्होंने दावा किया कि दक्षिणी राज्य तभी विकसित होगा जब कांग्रेस सत्ता में आएगी।

उन्होंने जगन मोहन रेड्डी को भाजपा का गुलाम करार दिया। जनसभा को विवेकानंद रेड्डी की बेटी सुनीता नररेड्डी ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा, प्रतिस्पर्धा विवेकानंद रेड्डी के हत्यारों और शर्मिला के बीच है। मेरे पिता की अंतिम इच्छा शर्मिला को सांसद बनाने की थी।

विवेकानंद रेड्डी की अंतिम इच्छा पूरी होनी चाहिए। इस बीच, हाल ही में सत्तारूढ़ वाईएस कांग्रेस छोड़ने वाली पूर्व केंद्रीय मंत्री के कृपारानी आंध्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी (एपीसीसी) प्रमुख और वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गईं। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा), कांग्रेस और माकपा आंध्र प्रदेश में इंडिया गठबंधन का हिस्सा हैं। आंध्र प्रदेश की 175 सदस्यीय विधानसभा और 25 लोकसभा सीटों के लिए चुनाव 13 मई को होने हैं और मतों की गिनती चार जून को होगी।

# पिछले वित्त वर्ष में दमरे ने 148 तीन-चरण वाले नए इलेक्ट्रिक इंजन किए चालू

**हैदराबाद, 05 मार्च (एजेंसियां)।**
दक्षिण मध्य रेलवे ने पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान रिकॉर्ड 148 नए तीन चरण वाले इलेक्ट्रिक इंजन चालू किए, जो किसी भी वर्ष में अब तक की सबसे अधिक संख्या है। 2022-23 में चालू किए गए पिछले सर्वश्रेष्ठ 102 तीन चरण वाले इंजनों की तुलना में यह 45% अधिक है। मिशन विद्युतीकरण की दिशा में एक कदम उठाते हुए, दक्षिण मध्य रेलवे ने पूरे जोन में बड़े पैमाने पर रेल मार्गों का विद्युतीकरण किया है और हाल ही में निर्मित नई लाइनों को छोड़कर, इसके नेटवर्क के सभी यातायात चलने वाले मार्ग अब विद्युतीकृत हो गए हैं अथवा लाइनें जो पूरी तरह/आंशिक रूप से निर्माणाधीन हैं। इस प्रकार, 3-चरण इलेक्ट्रिक इंजनों की संख्या में वृद्धि समय पर की गई वृद्धि है और अधिक कुशल इंजनों के साथ बढ़ती यात्री और यातायात मांग को पूरा करने में मदद करती है।



एससीआर के बेड़े में जोड़े जा रहे तीन चरण वाले इलेक्ट्रिक इंजनों में अन्य कर्षण प्रौद्योगिकियों की तुलना में काफी फायदे हैं। इन लोको में उच्च अश्व शक्ति होती है और ये बिना किसी परेशानी के 130 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से पूरी लंबाई वाली 22 एलएचबी कोच वाली यात्री ट्रेन को आसानी से खींच सकते हैं। ये लोकोमोटिव माल ढुलाई के लिए भी उच्च संतुलन गति प्रदान करते हैं और माल ले जाने के लिए पारगमन समय को कम करते हैं, जिससे रोलिंग स्टॉक की उत्पादकता में सुधार होता है। नए लोको में कोचों को पावर देने के लिए हेड-ऑन-जेनरेशन सिस्टम (एचओजी) भी लगाए गए हैं। एचओजी प्रणाली रेक को पावर देने के लिए डीजल पावर कारों के उपयोग को काफी कम कर देती है और इस प्रकार ईंधन बिल बचाती है। पुनर्योजी ब्रेकिंग 3-चरण लोकोमोटिव की एक और हरित विशेषता है, जो कार्बन फुटप्रिंट को कम करने के अलावा 12.4% विद्युत ऊर्जा बचाती है। ये उच्च औसत गति से चल सकते हैं और भारी ट्रेनों को खींच सकते हैं।ज़ोन में इलेक्ट्रिक इंजनों की बेहतर उपलब्धता से वित्त वर्ष 23-24 में 46 जोड़ी कोचिंग ट्रेनों को डीजल से इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन में बदलने की सुविधा मिली, जिससे रेलवे के ईंधन बिल पर प्रति वर्ष 204 करोड़ रुपये की बचत होगी और कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी। नए कमीशन किए गए लोकोमोटिव ने वित्त वर्ष 22-23 की तुलना में इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन (माल और यात्री दोनों संयुक्त) में जीटीकेएम की हिस्सेदारी (लाखों में) में 12.7% की वृद्धि में मदद की है।100% विद्युतीकरण की दिशा में तेजी से आगे बढ़ने के साथ, उच्च यातायात मांग को पूरा करने में कुशल विद्युत इंजनों की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। इस संबंध में, जनरल मैनेजर अरुण कुमार ने एससीआर लोकोमोटिव बेड़े में नए 3-चरण इंजनों को समय पर जोड़ने के लिए इलेक्ट्रिक शाखा की सराहना की। उन्होंने टीम को आगामी वर्ष में ऐसे लोकोमोटिव की संख्या बढ़ाने के लिए इसी गति को बनाए रखने की सलाह दी ताकि हमारे ग्राहकों की बढ़ती यातायात मांग को पूरा किया जा सके।

## बाबू जगजीवन राम की 117 वी जयंती मनाई गई

**हैदराबाद, 5 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
राजेंद्र नगर के बुधवल में शुक्रवार को भारत के प्रथम दलित उप प्रधानमंत्री तथा एक महान स्वतंत्रता सेनानी बाबू जगजीवन राम की 117वीं जयंती बड़े ही उल्लास के साथ मनाई गई।

यहां बुधवल स्थित बाबूजी की प्रतिमा का भव्य रूप से फूलों से श्रृंगार किया गया तथा क्षेत्र के अनेक राजनीतिक दलों के नेताओं ने बाबू की प्रतिमा को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर



राजेंद्र नगर विधायक टी प्रकाश गौड़, अत्तापुर पार्षद के संगीता, नरसिंह राव, सरवन, शेखर, नरसिंह, डेविड, शंकर, स्वामी गौड़, भोपाल रेड्डी, शादा लक्ष्मी, राजेश, राजेंद्र नगर एसीपी श्रीनिवास, भारत के अव्वल राजेंद्र नगर थाने के थानेदार नागेंद्र बाबू, एसआई रवि कुमार, भीम कुमार, साईं मलिक, बाला सुब्रमण्यम, महेश, प्रसाद सहित अनेक गणमान्य लोगों ने मौजूद रहकर बाबूजी को पुष्पांजलि अर्पित की।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com.